Dated: 08.01.2025

To
**Department of Corporate Services**,
BSE Limited,
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001

**Scrip Code: 538882**

**Sub: Newspaper Advertisement-Disclosure under Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 read with 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith copy of newspaper advertisements, published in Financial Express (English) and in Jansatta (Hindi) on 08.01.2025 with respect to the Un-audited Financial results for the quarter ended 31st December, 2024.

The aforesaid information has also been uploaded on the website of the Company at www.emeraldfin.com.

Kindly take the same on your records.

Yours Sincerely
**For Emerald Finance Limited**

AMARJEET KAUR Digitally signed by AMARJEET KAUR Date: 2025.01.08 14:06:01 +05'30'

**(Amarjeet Kaur)**
**Company Secretary cum Compliance Officer**
**Membership No. : A17273**

## खबर कोना

### राजस्थान को पानी देने पर दिल्ली में हुई चर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 जनवरी।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में हथनीकुंड से राजस्थान को यमुना नदी के अतिरिक्त (सरप्लस) पानी को उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के उपरांत जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में यमुना नदी के सरप्लस पानी को राजस्थान को उपलब्ध करवाने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। इस विषय को लेकर शीघ्र ही हरियाणा व राजस्थान के अधिकारियों की एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा जिससे आने वाले दिनों में इस योजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार की जाएगी।

### महाकुंभ की तैयारियों और सुविधाओं पर बनाई रणनीति

पटियाला, 7 जनवरी (जनसत्ता)।

प्रयागराज में 14 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुंभ के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (अहिप) ने बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस आयोजन के तहत परिषद ने अन्नपूर्णा रसोई सेवा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं के लिए कई विशेष सुविधाओं का संचालन करने का निर्णय लिया है। इन्हीं तैयारियों की समीक्षा और 'दो मुट्ठी अनाज अभियान' को बढ़ावा देने के लिए परिषद के प्रमुख प्रवीण तोगड़िया दो दिन के पंजाब दौरे पर हैं। तोगड़िया ने सबसे पहले खरड़ में परिषद पंजाब अध्यक्ष विजय सिंह भारद्वाज व अन्य सदस्यों के साथ बैठक की। उसके पश्चात उन्होंने दोपहर के करीबन एक बजे पटियाला में प्रयागराज महाकुंभ में परिषद की तैयारियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के बारे में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कपूर ने जानकारी दी।

### नए पटवारियों की एक वर्ष होगी प्रशिक्षण अवधि

चंडीगढ़, 7 जनवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नव चयनित पटवारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की अवधि डेढ़ वर्ष से कम कर एक वर्ष करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा की अब से प्रशिक्षण की अवधि भी पटवारी की सेवा में शामिल होगी। विभाग में नियुक्ति के दिन से ही पटवारी की सेवाएं शुरू हो जाएंगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला में आयोजित 2,605 नव चयनित पटवारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नव चयनित पटवारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है जब प्रदेश में पहली बार एक साथ 2,605 नए पटवारियों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा जैसे अत्यधिक बारिश, ओलावृष्टि, सूखा आदि में किसानों को राहत प्रदान करने में पटवारी की बड़ी अहम भूमिका होती है।

# कौमी इंसाफ मोर्चा की पुलिस से झड़प

## मोर्चे की दूसरी वर्षगांठ पर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने मोहाली से चंडीगढ़ तक निकाला मार्च

चंडीगढ़, 7 जनवरी (ब्यूरो)।



बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर मोहाली में धरना दे रहे कौमी इंसाफ मोर्चा के सदस्यों ने मंगलवार को जब मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास की ओर कूच करने का प्रयास किया तो उनकी पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-43 में हुई झड़प में थाना-11 के थाना प्रभारी जयवीर राणा घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया।

प्रदर्शनकारी बंदी सिंहों की रिहाई की मांग कर रहे थे और मोहाली से चंडीगढ़ में दाखिल हुए थे। वे यहां कौमी इंसाफ मोर्चा की दूसरी वर्षगांठ मनाने के लिए पहुंचे थे। सूचना पाकर मोहाली पुलिस ने चंडीगढ़ में सुरक्षा बढ़ा दी और सीमाओं पर अतिरिक्त बल तैनात किए थे। फिर भी कई प्रदर्शनकारी राजधानी में दाखिल होने में कामयाब रहे।

मोहाली के पुलिस उपाधीक्षक (सिटी-2) एचएस बल ने बताया कि हमने चंडीगढ़ में सभी प्रवेश स्थानों पर अवरोधक लगा दिए थे, लेकिन प्रदर्शनकारी एन-चोया के पास से सेक्टर-53 में घुस गए और सेक्टर-43 में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। चंडीगढ़ के आइएसबीटी के पास सेक्टर-43 में पुलिस, सीआरपीएफ अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस सूत्रों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने चंडीगढ़ के कुछ पुलिस अधिकारियों पर हमला किया, जिसमें वे घायल हो गए। इस बीच, पुलिस ने चंडीगढ़ के सेक्टर-43 और सेक्टर-52 में कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। मोर्चे के नेताओं ने बताया कि अब 25 जनवरी को मोहाली में महापंचायत करेंगे।

*बंदी सिखों की रिहाई के लिए दो साल से चल रहा धरना*

फरवरी 2023 में मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर कौमी इंसाफ मोर्चा के प्रदर्शनकारियों और चंडीगढ़ पुलिस के बीच झड़प हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए थे। फरवरी 2023 से कौमी इंसाफ मोर्चा के सदस्य चंडीगढ़ के सेक्टर 52/53 और मोहाली के वाइपीएस चौक पर कथित तौर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगें श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 328 स्वरूपों के लापता होने के मामले में न्याय, सिख समुदाय के लिए लड़ने वाले और जेल की सजा पूरी करने वाले बंदी सिख (सिख कैदियों) की रिहाई और पंजाब के कोटकपूरा और बहबलकलां में गोलीबारी की घटना में न्याय की है। वहीं, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ की अराइव सेफ सोसायटी द्वारा हरमन सिद्धू की जनहित याचिका पर भी सुनवाई कर रहा है, जिसमें मोहाली के वाइपीएस चौक के आसपास से प्रदर्शनकारियों की ओर से किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।

## बिना शराब व डीजे के शादी करने पर इनाम देने की घोषणा

चंडीगढ़, 7 जनवरी (ब्यूरो)।

पंजाब के बठिंडा जिले की एक ग्राम पंचायत ने विवाह समारोह में शराब नहीं परोसने और डिस्क जाकी (डीजे) से दूर रहने वाले परिवारों को 21 हजार रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। बल्लो गांव की सरपंच अमरजीत कौर ने मंगलवार को बताया कि यह निर्णय ग्रामीणों को विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची और शराबखोरी से रोकने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है।

कौर ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि गांवों में विवाह समारोह के दौरान जहां शराब परोसी जाती है और डीजे द्वारा तेज आवाज में संगीत बजाया जाता है, वहां झगड़े शुरू हो जाते हैं। इसके अलावा तेज आवाज में संगीत बजाने से छात्रों की पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्न होती है। हम लोगों को शादी समारोहों के दौरान फिजूलखर्ची न करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात के आश्वासन के बाद

## पंजाब में रोडवेज कर्मियों ने समाप्त की हड़ताल

चंडीगढ़, 7 जनवरी (ब्यूरो)।



पंजाब में सरकारी बस चालकों, परिचालकों और अन्य कर्मचारियों ने मंगलवार दूसरे दिन अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। सरकार की ओर से कर्मियों के संगठन के साथ बैठक कर उन्हें 15 जनवरी को मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलने का आश्वासन दिया गया है।

मंगलवार को कर्मचारी मोहाली में एकत्र हुए और चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च किया, लेकिन शहर में प्रवेश करने से पहले पुलिस ने उन्हें रोक दिया। यह हड़ताल पहले तीन दिनों के लिए निर्धारित थी, लेकिन जब सरकार ने मंगलवार को चर्चा करने पर सहमति जताई तो यह समाप्त हो गई। मोहाली पहुंचने पर कर्मचारियों के लिए चंडीगढ़-लुधियाना मार्ग अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, लेकिन कुछ समय बाद राजमार्ग को फिर से खोल दिया गया। इस हड़ताल ने यात्रियों को काफी प्रभावित किया है।

संघ के अध्यक्ष रेशम सिंह गिल के अनुसार, 15 जनवरी को मुख्यमंत्री के साथ हमारी बैठक के आश्वासन पर वे यह हड़ताल खत्म कर रहे हैं। उनकी मांगें वही रहेंगी, जिसमें पीआरटीसी और पनबस में सभी कच्चे कर्मियों को नियमित करना शामिल है। उन्होंने सरकारी बसों का बेड़ा बढ़ाने की भी मांग की।

# चंडीगढ़ महापौर का चुनाव 24 जनवरी को

## इस बार गुप्त मतदान होगा, पिछले साल सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था विवाद

चंडीगढ़, 7 जनवरी (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ नगर निगम में महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर का चुनाव 24 जनवरी को होगा। इसके लिए मंगलवार को प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। जानकारी के मुताबिक इस बार मनोनीत पार्षद रमणीक बेदी को पीठासीन अधिकारी तैनात किया गया है। 20 जनवरी तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। मतदान गुप्त (सीक्रेट बैलेट) तरीके से ही होगी।

अधिसचूना जारी करने के साथ ही शहर के उपायुक्त निशांत यादव ने नगर निगम दफ्तर का दौरा किया। साथ ही नगर निगम के जिस हाल में चुनाव होना है, उस जगह का उन्होंने निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगाने से लेकर अन्य सारी चीजों को लेकर योजना बनाई है।

नगर निगम चुनाव को लेकर इस बार भी माहौल गर्माया हुआ है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की दलील है कि मौजूदा महापौर कुलदीप कुमार का कार्यकाल 19 फरवरी 2025 तक होना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी 2024 को आदेश देकर महापौर चुनाव पर फैसला दिया था। हालांकि, महापौर के लिए मतदान 30 जनवरी 2024 को हुआ था। दोनों दल के नेताओं का कहना है कि अगर 20 फरवरी से पहले चुनाव हुए तो वे अदालत जाएंगे।



नगर निगम कार्यालय का दौरा कर तैयारियां देखते उपायुक्त निशांत यादव।

*न्यायालय के आदेश पर भाजपा ने गंवाया था महापौर का पद*

चंडीगढ़ शहर में साल 2016 से 2023 तक लगातार भाजपा अपना महापौर बनाने में कामयाब रही थी। लेकिन पिछले साल महापौर चुनाव में भाजपा को महापौर पद गंवाना पड़ा था। हालांकि शुरुआत में जब मतगणना हुई तब भाजपा अपना महापौर बनाने में कामयाब रही थी, लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी इस चुनाव प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में लेकर गई थी। जहां पर भाजपा को झटका लगा था। शीर्ष अदालत ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार को महापौर बनाने के आदेश दिए थे।

# गो-चरान की भूमि चिह्नित की जाएगी : सैनी

चंडीगढ़/पंचकूला, 7 जनवरी (जनसत्ता)।



*पंचकूला* में मुख्यमंत्री ने गो सेवा सम्मान समारोह के दौरान गोशालाओं के लिए जारी किए 216.25 करोड़ रुपए।
*बेसहारा* बछड़ा, बछड़ी, गाय और नंदी को पकड़ने वाली गोशाला को नकद राशि का भुगतान किया जाएगा।
*गोबर* से पेंट, गोमूत्र से फिनायल, साबुन, शैंपू बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेशभर में गो-चरान की जितनी भूमि है, उसे चिह्नित किया जाएगा और इस भूमि को जो पंचायतें ठेके पर देती हैं, अब उस पैसे का उपयोग गोशालाओं की गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। इसके अलावा, अधिकारियों को भी एक खाका तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत गो-चरान की भूमि को गोशालाओं की इच्छा अनुसार चारा उगाने के लिए भूमि आबंटित की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला में आयोजित गो सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री ने गोशालाओं के लिए 216.25 करोड़ रुपए की चारा अनुदान राशि जारी की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को बेसहारा गोवंश से मुक्त करना हमारी प्राथमिकता है। बेसहारा गोवंश कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। अब बेसहारा बछड़ा या बछड़ी को पकड़ने वाली गोशाला को 300 रुपए, गाय के लिए 600 रुपए और नंदी के लिए 800 रुपए की दर से नकद भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि गोशालाओं को बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और बायोगैस बनाने के लिए तकनीकी सहायता सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, गाय के गोबर से तैयार होने वाले 'प्रोमो खाद' की विधि भी गोशालाओं के साथ साझा की जाएगी, ताकि प्रोमो खाद डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग हो सके। इतना ही नहीं, गाय के गोबर से पेंट, गोमूत्र से फिनायल, साबुन, शैंपू आदि उत्पाद बनाने के लिए भी गोशालाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन उत्पादों की बिक्री के लिए सरकार की ओर से विपणन में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 330 गोशालाओं में सौर ऊजा संयंत्र लगाए गए हैं। शेष बची गोशालाओं में भी सौर ऊजा संयंत्र लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।


## एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में एमराल्ड लीजिंग फाइनेंस एंड इनवेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड के तौर पर ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय: एससीओ 7 औद्योगिक क्षेत्र फेज़ 2 चंडीगढ़ 160002 CIN : L65993CH1983PLC041774

31.12.2024 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडएलॉन और कंसोलिडेटिड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार (ईपीएस डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र सं. | विवरण | स्टैंडएलॉन समाप्त तिमाही 31.12.24 | स्टैंडएलॉन समाप्त तिमाही 31.12.23 | स्टैंडएलॉन वर्ष दर आंकड़े 31.12.24 | स्टैंडएलॉन वर्ष दर आंकड़े 31.12.23 | कंसोलिडेटिड समाप्त तिमाही 31.12.24 | कंसोलिडेटिड समाप्त तिमाही 31.12.23 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 341.619 | 179.129 | 885.427 | 538.423 | 1512.221 | 943.946 |
| 2. | अन्य आय | 1.680 | 0.622 | 2.640 | 1.598 | 2.879 | 2.359 |
| 3. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, सामान्य और असाधारण मदों से पूर्व) | 173.863 | 78.007 | 428.513 | 238.101 | 624.903 | 300.011 |
| 4. | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (सामान्य और असाधारण मदों के बाद) | 173.863 | 78.007 | 428.513 | 238.101 | 624.903 | 300.011 |
| 5. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3377.523 | 3,014.365 | 3377.523 | 3014.365 | 3377.523 | 3014.365 |
| 6. | इंड एएस के अनुसार पुनः मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित | - | - | - | - | - | - |
| 7. | अंकित मूल्य 10/- रु. प्रति का आय प्रति इक्विटी शेयर (रु. में) | | | | | | |
| | 1. मूल: | 0.515 | 0.259 | 1.269 | 0.790 | 1.850 | 0.995 |
| | 2. तनुकृत: | 0.515 | 0.259 | 1.269 | 0.790 | 1.850 | 0.995 |

टिप्पणी: 1. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक के बोर्ड द्वारा 06 जनवरी, 2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है। 2. उपरोक्त विवरण सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण तथा प्रकटीकरण अपेक्षांए) विनियमनों, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल 31.12.2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का संपूर्ण विवरण शेयर बाजार की वेबसाईट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाईट www.emeraldfin.com पर उपलब्ध हैं। 3. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 133 के तहत जारी प्रासंगिक नियमों और भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2016 द्वारा संशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

हस्ता/- संजय अग्रवाल
(प्रबंध निदेशक)
DIN No- 02580828

दिनांक: 06 जनवरी, 2025
स्थान: चंडीगढ़


# पुलिस कर्मियों को मिलेगा मोटापा कम करने का मौका

चंडीगढ़, 7 जनवरी (जनसत्ता)।

*मनोहर* लाल सरकार में पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने जारी किए थे आदेश। अब बदलाव के साथ हरियाणा पुलिस ने किए लागू।

हरियाणा पुलिस में तैनात मोटे पुलिस कर्मचारियों को अब शारीरिक रूप से ठीक होने के लिए एक अवसर मिलेगा। अगर वह तय समय में शारीरिक तौर पर तंदुरुस्त नहीं हुए तो विभागीय स्तर पर उनके कार्य में बदलाव किया जा सकता है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों को इस संबंध में पत्र लिखकर निर्देश जारी किए गए हैं।

यह मामला हाई कोर्ट तक जा चुका है। जून 2022 में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों से मोटे पुलिसकर्मियों की सूची मांगने को कहा था। यह निर्देश उन रपट के बाद आया था, जिनमें कहा गया था कि अधिक वजन वाले पुलिसकर्मी नशा और आबकारी मामलों में संदिग्धों का पीछा करने या उन्हें पकड़ने में असमर्थ हैं।

हरियाणा की पूर्व मनोहर सरकार के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन गृहमंत्री अनिल विज ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे। हालांकि विज के आदेशों में मोटे पुलिस कर्मचारियों को सार्वजनिक व्यवहार (पब्लिक डीलिंग) के काम से हटाकर पुलिस लाइन में भेजने तथा उनके लिए रोजाना की परेड जरूरी करने को कहा गया था। विज के आदेश के कुछ समय बाद ही भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन हो गया और मनोहर लाल की जगह नायब सैनी मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव आ गए।

अब नई सरकार के गठन के बाद महानिदेशक ने कर्मचारियों की तंदुरुस्ती पर ध्यान दिया है। पुलिस महानिदेशक ने निर्देश जारी किए हैं कि दस दिन के भीतर-भीतर मोटे पुलिसकर्मियों की पहचान की जाए। इसके बाद 40 दिन का फिटनेस कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत, मोटे पुलिसकर्मियों को रोजाना सुबह एक दिनचर्या का पालन करना होगा। इसमें योग, जिम और दौड़ शामिल होगी। इस कार्यक्रम के तहत अधिक वजन वाले या बढ़े हुए पेट वाले पुलिसकर्मियों को अपनी फिटनेस वापस पाने का मौका मिलेगा।


## दि परवाणू अर्बन कॉ-ऑपरेटिव बैंक लि.

4-ए सैक्टर-1, परवाणू-173220 जिला सोलन (हि.प्र.)

**सूचना**

बैंक के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निदेशक मंडल के चुनाव दिनांक 10.03.2025 को होने हैं।

**जोन क्रमांक 1 से 7 तक के लिए चुनाव कार्यक्रम**

| | चुनाव कार्यक्रम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | मतदाताओं की अनंतिम सूची के प्रकाशन की तिथि, आपत्तियों की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि तथा पंजीकरण अधिकारी द्वारा मतदाताओं की अंतिम सूची के प्रकाशन के लिए निर्धारित तिथि के संबंध में सूचना | 06.01.2025 | |
| 2. | मतदाताओं की अनंतिम सूची का प्रकाशन (क्षेत्रवार) | 16.01.2025 | अप. 4 बजे तक |
| 3. | मुख्यालय में पंजीकरण अधिकारी के समक्ष मतदाता सूची पर आपत्तियां भरना | 30.01.2025 | अप. 4 बजे तक |
| 4. | पंजीकरण अधिकारी द्वारा आपत्तियों की सुनवाई | 3.02.2025 से 5.02.2025 | अप. 2 बजे तक |
| 5. | बैंक के मुख्यालय में पंजीकरण अधिकारी द्वारा आपत्तियों पर निर्णय की घोषणा | 06.02.2025 | प्रात: 10 बजे |
| 6. | मतदाताओं की अंतिम सूची का प्रकाशन | 07.02.2025 | अप. 4 बजे तक |
| 7. | रिटर्निंग अधिकारी द्वारा गठित क्षेत्रों (जोन 1-7) के साथ चुनाव की सूचना जारी करना | 07.02.2025 | अप. 4 बजे तक |
| 8. | बीओडी के सदस्यों के रूप में चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि | 24.02.2025 | प्रात: 10 बजे से अप. 4 बजे तक |
| 9. | बैंक के मुख्य कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच | 25.02.2025 | प्रात: 10 बजे से अप. 2 बजे तक |
| 10. | जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की अनंतिम सूची का प्रकाशन | 25.02.2025 | अप. 4 बजे तक |
| 11. | मुख्यालय में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्रों पर आपत्तियां भरना | 25.02.2025 | प्रात: 10 बजे से अप. 4 बजे तक |
| 12. | रिटर्निंग अधिकारी द्वारा आपत्तियों की सुनवाई और निर्णय की घोषणा | 27.02.2025 | प्रात: 10 बजे से अप. 4 बजे तक |
| 13. | चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन (क्षेत्रवार) | 27.02.2025 | अप. 5 बजे तक |
| 14. | उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि | 28.02.2025 | पू. 10 से अप. 2 बजे |
| 15. | चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन (क्षेत्रवार) और सीटों का आवंटन प्रतीक चिह्न | 28.02.2025 | अप. 4 बजे तक |
| 16. | बैंक के मुख्यालय में सभी क्षेत्रों के चुनाव की तिथि | 10.03.2025 | पू. 10 से अप. 3 बजे |
| 17. | रिटर्निंग अधिकारी द्वारा परिणामों की घोषणा | 10.03.2025 | अप. 5 बजे तक |

नोट:
1. बैंक के केवल गैर-डिफॉल्टर सदस्य ही वोट देने और चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।
2. चुनाव अभियान 08.03.2025 को शाम 4.00 बजे समाप्त हो जाएगा।
3. सोसायटी का प्रत्येक सदस्य अपनी सदस्यता का पहचान प्रमाण साथ लाएगा।

नेक राम
पंजीकरण अधिकारी

तिथि: 06.01.2025



## ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड

Brooks LABORATORIES LIMITED
CIN: L24232HP2002PLC000267
पंजीकृत कार्यालय और वर्क्स: ग्राम किशनपुरा, बद्दी नालागढ़ रोड, बद्दी (हि.प्र.) - 174101
कार्पो. कार्य.:- 201, "द समिट बिजनेस बे", गुरु नानक पेट्रोल पंप के पीछे, अंधेरी कुरिया रोड के बाहर, अंधेरी (ई), मुंबई - 400 093, टेली फैक्स: 01795 236939; ई-मेल: investors@brookslabs.net, वेबसाइट: www.brookslabs.net

### असाधारण आम बैठक की सूचना हेतु शुद्धिपत्र

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की फंड जुटाने वाली समिति ("एफआरसी") ने ईओजीएम के संकल्प पर आगे/अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉक एक्सचेंजों से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 17 दिसंबर, 2024 की असाधारण आम बैठक सूचना (ईओजीएम) के शुद्धिपत्र को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य ब्रूक्स लेबोरेटरीज लिमिटेड की ईओजीएम सूचना में उल्लिखित संकल्प को **शनिवार, 11 जनवरी, 2025** को सुबह 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित कर ईओजीएम नोटिस के **संकल्प संख्या** 1 में निर्धारित व्यवसाय को पारित करना है।

ईओजीएम नोटिस के लिए शुद्धिपत्र केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजा जाता है जिनके ईमेल पते कंपनी, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") के साथ पंजीकृत हैं।

**ई-वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग सुविधा:**

कंपनी ईओजीएम के दौरान ई-वोटिंग सुविधा और सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग प्रदान कर रही है, जो पिछली प्रथाओं के समान है। सदस्य ईओजीएम नोटिस में निर्धारित संकल्प और ईओजीएम नोटिस के लिए इस शुद्धिपत्र के माध्यम से बाद में आगे/अतिरिक्त जानकारी पर ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करके अपना वोट दे सकते हैं।

मूल्यांकन रिपोर्ट, मूल्य निर्धारण प्रमाणपत्र, अनुपालन प्रमाणपत्र और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ ईओजीएम नोटिस का शुद्धिपत्र कंपनी की वेबसाइट **www.brookslabs.net** और स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') पर क्रमशः **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर उपलब्ध होगा।

**मतदान अधिकार:**

सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि 4 जनवरी, 2025 तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा रखे गए इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे। केवल वे सदस्य जो कट-ऑफ तिथि पर शेयरों के धारक हैं, ईओजीएम में प्रस्ताव पर अपना वोट डालने के पात्र हैं।

कृते ब्रूक्स लैबोरेटरीज लिमिटेड
हस्ता/-
भूषण सिंह राणा
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन: 10289384

दिनांक: 07/01/2025
स्थान: बद्दी